**E-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249/2019......311........

प्रेषक,

**जय सिंह,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**बंदोबस्त पदाधिकारी,**
बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/अरवल,
शिवहर/किशनगंज/अररिया/कटिहार/पूर्णिया/
सीतामढ़ी/सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/प0 चम्पारण/
बांका/जमुई/शेखपुरा/मुंगेर/नालंदा।

पटना, दिनांक :–02-02-2021

विषय :– विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।
प्रसंग :– निदेशालय का आदेश संख्या– 11272 दिनांक– 24.11.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा विभिन्न समीक्षात्मक बैठकों में दिए गए निदेश के अनुपालन तथा विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से निदेशालय द्वारा आदेश संख्या– 11272 दिनांक– 24.11.2020 से विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण निर्धारित किया गया था। इस कार्यक्रम के अनुसार विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं विशेष सर्वेक्षण कानूनगो का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण हो गया एवं विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी का प्रशिक्षण अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

वर्त्तमान में माह–फरवरी एवं मार्च में दिए जाने वाला आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है:–

**राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, बिहार, पटना में माह–फरवरी एवं मार्च, 2021 में दिए जाने वाले प्रशिक्षण का प्रस्तावित कार्यक्रम**

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षणार्थी का पद | प्रति बैच प्रशिक्षणार्थियों की संख्या | प्रशिक्षण अवधि | प्रशिक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | 60 | एक सप्ताह | 08 फरवरी, 2021 से 12 फरवरी, 2021 |
| 02. | विशेष सर्वेक्षण अमीन | 50 | एक सप्ताह | 15 फरवरी, 2021 से 19 फरवरी, 2021 |
| 03. | विशेष सर्वेक्षण कानूनगो | 50 | एक सप्ताह | 22 फरवरी, 2021 से 26 फरवरी, 2021 |
| 04. | विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | 50 | एक सप्ताह | 01 मार्च, 2021 से 05 मार्च, 2021 |
| 05. | विशेष सर्वेक्षण अमीन | 50 | एक सप्ताह | 08 मार्च, 2021 से 12 मार्च, 2021 |
| 06. | विशेष सर्वेक्षण कानूनगो | 50 | एक सप्ताह | 15 मार्च, 2021 से 19 मार्च, 2021 |

उक्त निर्धारित कार्यक्रम के आलोक में प्रासंगिक पत्र संलग्न करते हुए अनुरोध है कि दिनांक– 08 फरवरी, 2021 से सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के लिए निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रासंगिक पत्र में वर्णित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों को ससमय विरमित करने की कृपा की जाए।

क्र0 सं0–02 से 06 तक निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सहरसा, मधेपुरा, पश्चिमी चम्पारण, बांका, जमुई, मुंगेर एवं नालंदा, बन्दोबस्त कार्यालय अपने–अपने जिले से प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो पदाधिकारी/कर्मी, जबकि शेखपुरा प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए छः पदाधिकारी/कर्मी एवं बेगूसराय तथा सुपौल पाँच पदाधिकारी/कर्मी को प्रशिक्षण के लिए निर्धारित तिथि के अनुसार ससमय विरमित करेंगे।

प्रशिक्षण के लिए नामित करने में इस बिन्दु का ध्यान रखा जाय कि पूर्व प्रशिक्षित कर्मी के प्रशिक्षण की पुनरावृति न हो। साथ ही नामित प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम भाग लेने हेतु ससमय सूचित करना भी सुनिश्चित किया जाए।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के आलोक में सभी प्रशिक्षणार्थियों को राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, बिहार, पटना में निर्धारित तिथि के अनुसार (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) प्रातः 10:30 बजे पूर्वाह्न से संध्या 05:30 बजे अपराह्न तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान आवासन एवं भोजन की व्यवस्था निदेशालय के तरफ से देय होगी। सभी प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्रारंभ हेतु निर्धारित तिथि के पूर्वाह्न 09:00 बजे तक राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, बिहार, पटना में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249/2019....311.......**पटना, दिनांक** :–..02-02-2021

**प्रतिलिपि** :– सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिंहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण,बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249/2019....311.......**पटना, दिनांक** :–..02-02-2021

**प्रतिलिपि** :– श्री मुन्ना कुमार चौधरी, उच्चवर्गीय लिपिक–सह–प्रभारी, राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, बिहार, पटना, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय/प्रभारी, हॉउस किपिंग/Hospitality Management, RSTI को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249/2019....311.......**पटना, दिनांक** :–..02-02-2021

**प्रतिलिपि** :– संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए आवासन, दो बार भोजन, एक बार अल्पाहार एवं दो बार चाय की व्यवस्था अपने स्तर से करना सुनिश्चित करेंगे।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249 / 2019......311............**पटना, दिनांक** :–02-02-2021

**प्रतिलिपि** :– श्री राकेश कुमार, सहायक भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249 / 2019......311............**पटना, दिनांक** :–02-02-2021

**प्रतिलिपि** :– श्री वीरेन्द्र कुमार, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि अपने स्तर से प्रशिक्षण के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना सुनिश्चित करेंगे।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249 / 2019......311............**पटना, दिनांक** :–02-02-2021

**प्रतिलिपि** :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249 / 2019......311............**पटना, दिनांक** :–02-02-2021

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
2/2

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar, ASO\Director\file no....................02.02.2021.doc